
पंजाब केसरी
WED,05 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# बोर्ड ने घोषित किया डी.एल.एड. री-परीक्षा का परिणाम

धर्मशाला, 4 अगस्त (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलीमैंट्री एजुकेशन भाग-1 और भाग-2 की जून-2026 पुन: परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट और हैल्पलाइन नंबर पर उपलब्ध है।

पार्ट-1 में कुल 208 छात्रों में से 142 पास हुए हैं और इसका पास प्रतिशत 68.27 प्रतिशत रहा है, जबकि पार्ट-2 में 36 छात्रों में से 26 पास हुए हैं और इसका पास प्रतिशत 72.22 प्रतिशत दर्ज किया गया है। जो अभ्यर्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे 5 से 14 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन री-चैकिंग या पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए प्रति विषय री-चैकिंग शुल्क 800 और पुनर्मूल्यांकन शुल्क 1000 तय किया गया है। पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

> गुणवत्तापूर्ण और उत्तरदायी शिक्षक ही एक मजबूत शिक्षा व्यवस्था की असली नींव होते हैं। परीक्षा में असफल या कम अंक पाने वाले छात्र निराश न हों, बल्कि सकारात्मक सोच, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगामी परीक्षाओं की तैयारी करें।
>
> -डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड



डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
04 अगस्त, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ


# डी.एल.एड. की पुनः परीक्षा के नतीजे घोषित

## भाग-1 में 68.27% और भाग-2 में 72.22% अभ्यर्थी हुए पास

**5 से 14 अगस्त तक ऑनलाइन कर सकेंगे री-चेकिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन**

**बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा बोले- गुणवत्तापूर्ण शिक्षक ही हैं सशक्त शिक्षा व्यवस्था की असली नींव**

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन ( D.El.Ed. ) भाग-1 और भाग-2 की पुनः परीक्षा ( जून-2026 ) के परिणाम घोषित कर दिए हैं। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने मंगलवार को नतीजे जारी करते हुए सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचार नहीं करते, बल्कि राष्ट्र के भावी नागरिकों के व्यक्तित्व निर्माण के प्रमुख सूत्रधार होते हैं। इसलिए, एक सशक्त, उत्तरदायी और भविष्य उन्मुख शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक आधारशिला गुणवत्तापूर्ण शिक्षक ही हैं।

### री-चेकिंग और पुनर्मूल्यांकन के लिए 14 तक मौका

जो अभ्यर्थी अपने प्राप्तांकों से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें बोर्ड ने री-चेकिंग ( पुनः निरीक्षण ) और री-इवैल्यूएशन ( पुनर्मूल्यांकन ) का अवसर दिया है। इसके लिए 5 अगस्त से 14 अगस्त, 2026 तक केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जा सकेगा। शुल्क विवरण : प्रति विषय री-चेकिंग का शुल्क 800 रुपये और री-इवैल्यूएशन का शुल्क 1000 रुपये निर्धारित किया गया है।

शर्त : पुनर्मूल्यांकन ( री-इवैल्यूएशन ) के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार के ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### निराश न हों छात्र, सकारात्मक सोच से करें तैयारी

सफल अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए डॉ. राजेश शर्मा ने उम्मीद जताई कि ये युवा अपने ज्ञान और नैतिक मूल्यों से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे। साथ ही, जिन अभ्यर्थियों का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि वे निराश होने के बजाय सकारात्मक सोच, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगामी परीक्षाओं की तैयारी करें। बोर्ड अध्यक्ष ने दोहराया कि शिक्षा बोर्ड छात्रों के हितों की रक्षा, परीक्षा प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

### नतीजों का गणित : 168 अभ्यर्थी हुए सफल

परीक्षा परिणामों के विस्तृत आंकड़ों के अनुसार, डी.एल.एड. भाग-1 ( बैच 2024-2026 ) की पुनः परीक्षा में कुल 208 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से 142 अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, 63 अभ्यर्थियों की री-अपीयर आई है और 3 अनुत्तीर्ण रहे हैं। इस प्रकार भाग-1 का पास प्रतिशत 68.27 रहा।

वहीं, डी.एल.एड. भाग-2 ( बैच 2023-2025 ) की पुनः परीक्षा में कुल 36 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। इनमें से 26 अभ्यर्थी पास हुए हैं और 10 को री-अपीयर घोषित किया गया है। भाग-2 का परीक्षा परिणाम 72.22 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

### वेबसाइट और हेल्पलाइन पर उपलब्ध है परिणाम

बोर्ड की ओर से जानकारी दी गई है कि सभी अभ्यर्थी अपना विस्तृत परीक्षा परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर देख सकते हैं। इसके अलावा, छात्रों की सुविधा के लिए बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला के दूरभाष नंबर 01892-242142 पर भी कार्यालय समय के दौरान परिणाम से जुड़ी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

Divya Himachal Dt.05-08-2026

# डीएलएड पुन: परीक्षा के परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई) ने डीएलएड भाग-1 और भाग-2 की जून-2026 पुन: परीक्षा के परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिए। बोर्ड के अनुसार, डीएलएड भाग-1 (बैच 2024-26) का कुल परीक्षा परिणाम 68.27 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं, डीएलएड भाग-2 (बैच 2023-25) का पास प्रतिशत 72.22 रहा। दोनों भागों में कुल 168 अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। प्राप्त अंकों से असंतुष्ट अभ्यर्थी री-चैकिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए पांच से 14 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। प्रति विषय री-चेकिंग का शुल्क 800 रुपए तथा री-इवैल्यूएशन का शुल्क 1000 रुपए निर्धारित किया गया है।

AMAR Ujala Dt.05-08-2026

# शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड की पुनः परीक्षा का परिणाम किया घोषित

**धर्मशाला।** शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड भाग-1 और भाग-2 की जून 2026 में पुनः परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि डीएलएड भाग-1 (बैच 2024-26) की पुनः परीक्षा में 208 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

इनमें 142 अभ्यर्थी उत्तीर्ण, 63 री-अपीयर और तीन अनुत्तीर्ण रहे। इस तरह भाग-1 का परीक्षा परिणाम 68.27 प्रतिशत रहा। वहीं, डीएलएड भाग-2 (बैच 2023-25) की पुनः परीक्षा में 36 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 26 अभ्यर्थी सफल हुए, जबकि 10 को री-अपीयर घोषित किया गया। भाग-2 का परिणाम 72.22 प्रतिशत दर्ज किया गया।

शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि जो अभ्यर्थी अपने प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे 5 से 14 अगस्त तक केवल ऑनलाइन माध्यम से पुनः निरीक्षण (री-चेकिंग) और पुनर्मूल्यांकन (री-इवेल्यूएशन) के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रति विषय री-चेकिंग शुल्क 800 रुपये और री-इवेल्यूएशन शुल्क 1000 रुपये निर्धारित किया गया है। पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य होगा। ब्यूरो


HIMACHAL DASTAK 05-08-2026

# शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड की पुनः परीक्षा के नतीजे किए घोषित

हिमाचल दस्तक ■ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन भाग-1 और भाग-2 की पुनः परीक्षा (जून-2026) के परिणाम घोषित कर दिए हैं। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने मंगलवार को नतीजे जारी करते हुए सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी। परीक्षा परिणामों के विस्तृत आंकड़ों के अनुसार, डीएलएड भाग-1 (बैच 2024-2026) की पुनः परीक्षा में कुल 208 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से 142 अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, 63 अभ्यर्थियों को री-अपीयर आई है और 3 अनुत्तीर्ण रहे हैं। इस प्रकार भाग-1 का पास प्रतिशत 68.27 रहा। वहीं, डीएलएड भाग-2 (बैच 2023-2025) की पुनः परीक्षा में कुल 36 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। इनमें से 26 अभ्यर्थी पास हुए हैं और 10 को री-अपीयर घोषित किया गया है। भाग-2 का परीक्षा परिणाम 72.22 प्रतिशत दर्ज किया गया है। बोर्ड की ओर से जानकारी दी गई है कि सभी अभ्यर्थी अपना विस्तृत परीक्षा परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। वहीं जो अभ्यर्थी अपने प्राप्तांकों से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें बोर्ड ने री-चेकिंग (पुनः निरीक्षण) और री-इवेल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) का अवसर दिया है। इसके लिए 5 अगस्त से 14 अगस्त, 2026 तक केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जा सकेगा। शुल्क विवरण प्रति विषय री-चेकिंग का शुल्क 800 और री-इवेल्यूएशन का शुल्क 1000 रुपए निर्धारित किया गया है। पुनर्मूल्यांकन (री-इवेल्यूएशन) के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

# D.El.Ed. Re-examination Results Declared



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA AUG 4 : The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has declared the results for the Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) Part-1 and Part-2 re-examinations (June 2026). While releasing the results on Tuesday, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma congratulated the successful candidates. Speaking on the occasion, he remarked that teachers do not merely impart knowledge but are key architects in shaping the personalities of the nation's future citizens. Therefore, quality teachers form the true foundation of a robust, responsible, and future-oriented education system.Result Statistics: 168 Candidates Successful According to the detailed statistics, a total of 208 candidates appeared for the D.El.Ed. Part-1 (Batch 2024-2026) re-examination. Of these, 142 candidates passed, 63 were placed in the 're-appear' category, and 3 failed. Consequently, the pass percentage for Part-1 stood at 68.27%. Meanwhile, a total of 36 candidates appeared for the D.El.Ed. Part-2 (Batch 2023-2025) re-examination. Of these, 26 passed, and 10 were placed in the 're-appear' category. The pass percentage for Part-2 was recorded at 72.22%.The Board has informed candidates that they can view their detailed results on the official HPBOSE website, www.hpbose.org. Additionally, for the convenience of students, information regarding the results can be obtained by calling the Board headquarters in Dharamshala at 01892-242142 during office hours. Candidates who are not satisfied with their marks have been given the opportunity to apply for re-checking and re-evaluation. Applications for this can be submitted only through online mode from August 5 to August 14, 2026.

Dainik Jagran Dt.05-08-2026

# डीएलएड पुन: परीक्षा का परिणाम घोषित

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) भाग-1 और भाग-2 की पुन: परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि डीएलएड भाग-1 (बैच 2024-26) की पुन: परीक्षा में 208 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 142 उत्तीर्ण हुए। भाग-1 का परीक्षा परिणाम 68.27 प्रतिशत रहा। भाग-2 (बैच 2023-25) की परीक्षा में 36 अभ्यर्थियों में से 26 सफल हुए, और भाग-2 का परीक्षा परिणाम 72.22 प्रतिशत दर्ज किया गया। अभ्यर्थी परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते हैं। असंतुष्ट अभ्यर्थियों के लिए री-चेकिंग और पुनर्मूल्यांकन का अवसर 5 से 14 अगस्त तक उपलब्ध रहेगा। री-चेकिंग के लिए प्रति विषय 800 रुपये और पुनर्मूल्यांकन के लिए 1000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।